

# 30 एकड़ जमीन पर अवैध निर्माण तोड़ा

**फैक्ट्स**
- एनजीटी के आदेश पर कार्रवाई
- केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में हुए थे निर्माण

**भोपाल, 14 फरवरी. नेशनल ग्रीन ट्रूब्नल (एनजीटी) के आदेश पर शनिवार को भोपाल में बड़ी कार्रवाई की गई. केरवा डैम के कैचमेंट एरिया में 30 एकड़ जमीन के अवैध निर्माण पर जिला प्रशासन की जेसीबी चली. कार्रवाई के दौरान रसूखदारों में हड़कंप मच गया.**



हुजूर तहसीलदार अनुराग त्रिपाठी एवं टीम ने यह कार्रवाई की. जानकारी के अनुसार, बरखेड़ी बजायाफत की पंचायत कुशालपुरा में करीब 30 एकड़ जमीन पर अवैध निर्माण की सूचना के बाद जिला प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची. जेसीबी की मदद से बाउंड्रीवॉल, सीमेंट क्रांकीट रोड उखाड़ दी गई.

प्रशासनिक सूत्रों की माने तो यह जमीन एक फिल्म डायरेक्टर से कुछ लोगों ने ली थी, जहां पर बिना अनुमति के निर्माण किए गए. बता दें कि एनजीटी ने बड़ा तालाब समेत अन्य जलस्त्रोतों के कैचमेंट एरिया से अतिक्रमण हटाने के आदेश दे रखे हैं. इसके चलते जिला प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है. कैचमेंट वाले इस क्षेत्र में अन्य निर्माण भी हैं.

# बोर्ड ऑफिस चौराहे पर की चालानी कार्रवाई

- रॉन्ग साइड वाहन चलाने वालों के काटे चालान
- बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों को दी समझाइश



**भोपाल, 14 फरवरी. बोर्ड ऑफिस चौराहे पर शनिवार को यातायात विभाग ने वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की. यातायात विभाग के अधिकारी ने बताया कि रॉग साइड वाहन चलने वालों पर कार्रवाई की गई.**

इसी के साथ बिना हेलमेट के गाड़ी चलाने वालों को आज समझाइश दी गई है. यदि इन्होंने नियमों का पालन नहीं किया तो इनके भी चालान काटे जाएंगे. इसी से साथ ई रिक्शा चालकों को भी विभाग ने समझाइश दी. बताया गया कि पोस्टर और बैनर के माध्यम से चालकों को यातायात के नियमों का पालन करने की हिदायत दी जा रही है.

# नियमित कर्मचारियों को 3% डीए की मांग

**प्रदेश के कर्मचारी संगठनों ने वित्त मंत्री को सौंपा पत्र**



नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 14 फरवरी. बजट सत्र में प्रदेश के कर्मचारी संगठनों ने अपनी मांग शामिल किए जाने को लेकर वित्त मंत्री को पत्र सौंपा है.**

पत्र में मांग की है कि सरकार बजट में प्रदेश के कर्मचारी, स्थाई कर्मियों, दैनिक वेतन भोगी, अंशकालीन कर्मचारी के लिए प्रमुखता से प्रावधान किए जाएं. नियमित कर्मचारियों को तीन प्रतिशत डीए, स्थाई कर्मियों को सातवां वेतनमान, प्रदेश के सभी कर्मचारियों को कैशलेस इलाज की सुविधा, दैनिक वेतन भोगियों को नियमित, कर्मचारियों को कलेक्टर दर के वेतन का प्रावधान बजट में शामिल किया जाए.

मांग करने वालों में मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे, मंत्रालयीन अधिकारी कर्मचारी संघ अध्यक्ष सुधीर नायक, वन कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सत्येंद्र पांडे, सुनील पाठक, हरि सिंह गुर्जर, लव प्रकाश पाराशर, नितिन गुप्ता आदि दर्जनों कर्मचारी शामिल है.

## मध्यप्रदश विधानसभा का सत्र कल से होगा शुरू



### सत्र से पहले विस का निरीक्षण

मप्र विधान सभा का सत्र सोमवार 16 फरवरी से शुरू हो रहा है. यह प्रदेश का बजट सत्र है. आगामी वित्तीय वर्ष का बजट 18 फरवरी को विधान सभा में पेश किया जाएगा. सत्र शुरू होने से पहले पुलिस के सीनियर अफसरों ने अपनी टीम के साथ विधानसभा का निरीक्षण किया.

# दो मासूम बच्चियों को परिजनों से मिलाया

## डायल-112 जवानों की तत्परता, संवेदनशीलता और सजगता

विशेष संवाददाता

**भोपाल, 14 फरवरी. मध्यप्रदेश पुलिस के डायल-112 जवानों की तत्परता, संवेदनशीलता और सजगता से सागर जिले में दो लापता मासूम बच्चियों को सकुशल उनके माता-पिता से मिलाया गया.**



यह घटना थाना मोतीनगर क्षेत्र की है, जहां सड़क पर लावारिस अवस्था में भटकती लगभग एक वर्ष एवं तीन वर्ष आयु की दो बच्चियों को डायल-112 टीम ने सुरक्षित संरक्षण में लिया.

राज्य स्तरीय डायल-112 कंट्रोल रूम, भोपाल को इस संबंध में सूचना प्राप्त हुई. सूचना मिलते ही मोतीनगर क्षेत्र में तैनात एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके पर भेजा. आरक्षक अभय विनोदिया एवं पायलट अनिकेत दुबे ने मौके पर पहुंचकर दोनों बच्चियों को सुरक्षित अपने संरक्षण में लिया और अत्यंत धैर्य व अपनत्व के साथ उनसे संवाद किया. बातचीत के दौरान तीन वर्षीय बच्ची ने अपने परिजन का नाम बताया, जिससे महत्वपूर्ण सुराग मिला. इसके बाद टीम ने आसपास के क्षेत्र में सक्रियता से पूछताछ कर परिजनों का पता लगाया.

जानकारी में सामने आया कि बच्चियां अपनी मां से उस समय बिछड़ गईं, जब मां ऑटो में छूटा पर्स लेने वापस गई थीं. पहचान एवं सत्यापन के उपरांत दोनों बच्चियों को सुरक्षित उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया. परिजनों ने पुलिस की संवेदनशील कार्रवाई के प्रति आभार व्यक्त किया.

# 15 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भोपाल, 14 फरवरी.** सूखी सेवनिया थाना इलाके में रहने वाली 15 साल की किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. घर के एक कमरे में किशोरी ने अपने दुपट्टे का फंदा तैयार कर फांसी लगाई है. शुक्रवार को देर रात फंदे पर लटके शव को देखने के बाद परिजनों ने पुलिस को सूचना दी. पुलिस ने मर्ग कायम कर केस की जांच शुरू कर दी है. सुखी सेवनिया थाने की पुलिस ने बताया कि 15 वर्षीय काजल बंजारा पिता रमेश बंजारा जारा बस्ती की रहने वाली थी. वह पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी थी. उसके माता-पिता फेरी लगाकर प्लास्टिक आइटम बेचने का काम करते हैं. मां और पिता हर रोज की तरह सुबह घर से निकल गए थे. छोटे भाई ने बड़ी बहन के शव को फंदे पर लटका देखने के बाद मां-पिता को कॉल पर सूचना दी. शोर मचा कर पड़ोसियों को बुलाया. मां-पिता ने घर पहुंचने के बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी.

# नापतौल विभाग के कर्मचारी हड़ताल कर जताएंगे विरोध

- नापतौल के निरीक्षक से अभद्रता के 5 दिन बाद नहीं हुई एफआईआर

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 14 फरवरी. नापतौल विभाग के कर्मचारी सोमवार को हड़ताल करने जा रहे हैं, जिसमें पूरे प्रदेश के विभाग के कर्मचारी आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे.**

नापतौल निरीक्षक के साथ 5 दिन पहले पेट्राल पंप मालिक ने अभद्रता की थी, जिसकी शिकायत संबंधित थाने में की गई. शिकायत पर पुलिस ने अभी तक प्रकरण दर्ज नहीं किया है. इस वजह से कर्मचारियों में रोष व्याप्त है. नापतौल विभाग के अधिकारी कर्मचारी संघर्ष समिति के अध्यक्ष उमाशंकर ने बताया कि नापतौल निरीक्षक भिंड जिले में पदस्थ हैं. उन्होंने वहां पर इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप कार्रवाई की, जिससे पंप के मालिक मालिक सुरेंद्र यादव से विवाद हुआ. विवाद अधिक बढ़ जाने पर पंप मालिक ने नापतौल निरीक्षक सौरभ शर्मा को गालियां व धमकी दी, जिसकी शिकायत के बाद भी अभी तक पुलिस कार्रवाई नहीं हुई उसको लेकर नापतौल विभाग प्रदेश के कर्मचारी सोमवार को आकस्मिक अवकाश पर रहेंगे.




# वैलेंटाइन डे : लट्ठ लेकर सड़क पर उतरे हिंदू संगठन

**भोपाल, 14 फरवरी. राजधानी में वैलेंटाइन डे को लेकर हिंदू संगठन सड़क पर उतर आए. अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता शहर के चिनार पार्क पहुंचे, जहां उन्होंने हाथों में लट्ठ लेकर पार्क के बाहर जमकर नारेबाजी की.**

कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि कोई जोड़ा आपत्तिजनक स्थिति में पाया गया तो उसका मुंडन कर विरोध दर्ज कराया जाएगा. संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक स्थानों पर अश्लीलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. स्थिति को देखते हुए पार्क के बाहर पुलिस बल तैनात किया. पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए निगरानी रखी गयी और किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं होने दी गई.

वेलेंटाइन डे के मौके पर शहर के प्रमुख पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर सतर्कता बढ़ा दी गई थी. आपको बता दें कि वैलेंटाइन डे के विरोध में राष्ट्रीय बजरंग दल के प्रांत मंत्री राकेश प्रजापति ने कहा है कि प्यार के नाम पर भोपाल में अश्लीलता किसी प्रकार बर्दाश्त नहीं कि जाएगी. इस मौके पर जिला अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुंभकार, जिला उपाध्यक्ष दीपक मिश्रा, विकास पटेल, राज ठाकुर सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक कार्यशाला 19 से

देशभर से आएंगे विशेषज्ञ, मरीजों का करेंगे इलाज

**भोपाल.** आयुर्वेद पद्धति को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से एडवांस्ड पंचकर्म थैरेप्यूटिक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यशाला 19, 20 और 21 फरवरी को राजधानी स्थित पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय (स्व) आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान में आयोजित होगी. आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से आए अनुभवी पंचकर्म विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे और चयनित रोगियों को निशुल्क परामर्श व उपचार उपलब्ध कराया जाएगा. संस्थान के प्राचार्य डॉ. उमेश शुक्ला ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उददेश्य पंचकर्म की आधुनिक और उन्नत चिकित्सा पद्धतियों की विस्तृत जानकारी देना, साथ ही प्रायोगिक प्रशिक्षण के माध्यम से रोगियों को वास्तविक लाभ पहुंचाना है. तीन दिनों तक चलने वाली इस कार्यशाला में आयुर्वेदिक चिकित्सा की वैज्ञानिक उपयोगिता को व्यवहारिक स्तर पर प्रस्तुत किया जाएगा.

**दो दिवसीय प्रवास** केरलम् कार्यक्रम के तहत पार्षदों के दल ने किया अवलोकन

# केरल के पार्षदों ने देखी झीलों की नगरी

नवभारत संवाददाता

**भोपाल, 14 फरवरी. नगर निगम की स्वच्छता सहित विकास कार्यों का निरीक्षण करने केरल नगरीय निकायों के पार्षदों का दल विकसित केरलम् कार्यक्रम के तहत दो दिवसीय प्रवास पर शनिवार को भोपाल पहुंचा.**



उनका स्वागत निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी और महापौर मालती राय ने किया. स्वागत उपरांत दल ने स्वच्छता की गतिविधियों व स्वच्छता हेतु किए नवाचारों, सीवेज नेटवर्किंग, जलापूर्ति, झीलों के संरक्षण, सौन्दर्यीकरण सहित अन्य जनसुविधा एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया. महापौर राय व निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी की उपस्थिति में निगम अधिकारियों ने नगर निगम द्वारा भोपाल शहर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता की गतिविधियां, कचरा पृथक्कीकरण, परिवहन व निष्पादन, नवाचारों, अमृत योजना के अंतर्गत सीवेज नेटवर्किंग आदि की जानकारी पावर पाईंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से केरल के दल को दी. इस दौरान आयुक्तगण अरूण कुमार, तन्मय वशिष्ठ शर्मा, वरूण अवस्थी, गुणवंत सेवतकर, मनोज राठौर आदि मौजूद थे।

**भानपुर की पुरानी खंती का किया अवलोकन**

केरल का प्रतिनिधिमंडल सांसद आलोक शर्मा के साथ भानपुर की पुरानी खंती पहुंचे. यहां एकत्र पुराने कचरे के वैज्ञानिक ढंग से किये गये निष्पादन तथा लैण्ड रिक्लेम तथा हरितिमा विकास के संबंध में जानकारी प्राप्त की.


